नरेन्द्र बोहरा होंगे आवासन मंडल के मुख्य अभियंता

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। राजस्थान आवासन मंडल में इंजीनियर्स के पदों पर दस साल से भी अधिक समय से अटकी पड़ी पदोन्नति को मंडल प्रशासन ने लगभग पूरा कर दिया है। विभागीय पदोन्नति समिति गुरुवार को आयोजित बैठक में उप आवासन आयुक्त वृत द्वितीय जोधपुर के पद पर पदस्थापित नरेन्द्र बोहरा को मुख्य अभियंता बनाया गया है।

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि मंडल प्रशासन में कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए लंबे समय से अटकी पदोन्नति को दो सप्ताह में पूरा कर- के सभी वर्गों के तीन सौ से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में मुख्य अभियन्ता, अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, उप आवासन आयुक्त और आवासीय अभियन्ताओं के पदों पर हुई पदोन्नतियां दी गई है। मुख्य अभियन्ता के पद पर नरेन्द्र बोहरा, अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता के पद पर किशन सिंह चौधरी व मनोज गुप्ता, एवं चन्द्रभान चुघ, जगमाल बुगालिया, हनुमान सिंह बरफा, किशोर सिंह ढाका, मोहनलाल गुप्ता, भंवरलाल स्वामी, प्रतीक श्रीवास्तव, करणराज जीनगर को उप आवासन आयुक्त के पद पर पदोन्नत किया है। इसके अलावा आठ परियोजना अभियंताओं को आवासीय अभियंता के पद पर पदोन्नति दी गई है।